# RAJYA SABHA

*Thursday, the 11th May, 2006/21 Vaisakha, 1928 (Saka)*

*The House met at eleven of the clock,*

MR. CHAIRMAN in the Chair.

## Demand for immediate introduction of a Bill to stop Demolition Drive in Delhi

**श्रीमती सुषमा स्वराज** (मध्य प्रदेश): सभापति जी, इससे पहले कि आप प्रश्नकाल शुरू करें, मैं कुछ कहना चाहती हूं। आज पूरी दिल्ली सड़कों पर है। लोग अपनी वेदना का प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। जब दिल्ली वाले सड़कों पर अपनी वेदना का प्रदर्शन कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

**पंचायती राज्य मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (श्री मणि शंकर अय्यर)**: सभापति जी, क्या आपने इनको बोलने की इज़ाज़त दी है ...(व्यवधान)...

**श्री सुरेन्द्र लाठ** (उड़ीसा): पहले सुन तो लीजिए ...(व्यवधान)...

**श्री मणि शंकर अय्यर**: जब सभापति जी आज्ञा दें, तब आप बोलें ...(व्यवधान)...

**श्री रूद्रनारायण पाणि** (उड़ीसा): महोदय, हमारे जगन्नाथ मंदिर को गिराया गया ...(व्यवधान)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: सभापति जी, जिस समय लोग सड़कों पर हों ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति**: इस विषय पर आज चर्चा के लिए समय भी निर्धारित है।

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: जिस समय लोग सड़कों पर हों, उस समय हम यहां चुपचाप प्रश्नकाल चलाकर, सरकार के मंत्रियों से सवाल पूछें, यह उनके प्रति भी अन्याय होगा और यह हमारी फर्ज़ अदायगी भी नहीं होगी ...(व्यवधान)...

**श्री एस.एस. अहलुवालिया** (झारखंड): आपको अनुमति से भी बोलने नहीं दिया जा रहा है ...(व्यवधान)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सभापति जी, संसद लोगों के दर्द को दवा देने का एक मंच होती है। इसलिए मैं उनकी पीड़ा को इस सदन में रखना चाहती हूं ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** मैं इतना कहना चाहता हूं कि इस विषय पर आज चर्चा के लिए समय निर्धारित है, उस समय यदि आप बोलना चाहें, तो बोलिए।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, I have given a ...*(Interruptions)*...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, we have also given a notice.

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सभापति जी, हमें चर्चा नहीं, बिल चाहिए ...(व्यवधान)... हमें समाधान चाहिए ...(व्यवधान)...

*SHRI B.K. HARIPRASAD (Karnataka): Sir, we are ready for suspending* the Question Hour and have a discussion. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE: Sir, a separate day be fixed for discussion on it. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सभापति जी, हमें चर्चा नहीं, बिल चाहिए। चर्चा तो पिछले 6 महीनों से हो रही है, लेकिन सरकार के कानों पर इन 6 महीनों में जूं नहीं रेंगी। संसद लोगों के दर्द को दवा देने का मंच होती है, इसलिए मैं उनकी पीड़ा को यहां रखना चाहती हूं। आज एक लाख लोग सड़कों पर निकले हुए हैं। पिछले 6 महीनों से दिल्ली में त्राहि-त्राहि मची हुई है। लोगों के मकान तोड़े जा रहे हैं, दुकानें सील की जा रही हैं ...(व्यवधान)... रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया जा रहा है, झुग्गियों को उजाड़ा जा रहा है, इतना जोर और जुल्म चल रहा है और सरकार कान में तेल डालकर बैठी है; सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। लोग एक-एक दरवाजे पर गए हैं, सांसदों को साथ लेकर उन्होंने प्रधान मंत्री तक का दरवाजा खटखटाया है ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** हो गया, कह दिया आपने ...(व्यवधान)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** ये ऑर्डिनेंस भी लेकर नहीं आए। हाउस *sine die* adjourn हुआ था, prorogue करके ऑर्डिनेंस लाया जा सकता था, ये ऑर्डिनेंस भी नहीं लाए और अब बिल भी नहीं ला रहे हैं। इसलिए हमें चर्चा नहीं, बिल चाहिए। जब नहीं पोलिटिकल विल तो कैसे आए बिल?

**श्री सभापति:** ठीक है। पचौरी जी, आप बोलिए ...(व्यवधान)...

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुरेश पचौरी):** सर, जहां तक डेमोलिशन ड्राइव के संबंध में दिल्लीवासियों की परेशानी का संबंध है, हमारी सरकार ने उनकी वेदना और तकलीफ को समझते हुए प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में यह तय किया है कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** आप लोग बैठिए ...(**व्यवधान**)... आगे मत आइए ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेश पचौरी:** सरकार ने यह तय किया है कि The Delhi Laws (Special Provisions) Bill इस संबंध में लाया जाएगा ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** आप पहले अपनी सीटों पर जाइए ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेश पचौरी:** महोदय, यह बिल सरकार के पास तैयार है। जब भी Presiding Officer इसके लिए अनुमति देंगे, हम इस बिल पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं ...(**व्यवधान**)... जैसा आपने खुद आसन्दी से कहा कि इस संबंध में Short Duration Discussion listed है, जिस पर बोलने वालों में खुद सुषमा जी भी शामिल हैं। अगर माननीय सदस्य इस विषय पर Short Duration Discussion के रूप में चर्चा करना चाहते हैं, तो यह चर्चा आज की Revised List of Business में listed है। मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि प्रश्नकाल चलना चाहिए। वैसे भी विपक्ष की माननीय सदस्या ने Suspension of Question Hour के लिए कोई नोटिस नहीं दिया है। और जब कोई नोटिस नहीं दिया है, तो मेरी आपसे प्रार्थना है कि बगैर नोटिस दिए प्रश्न-काल को स्थगित न किया जाए, सदन चलाया जाए ...(**व्यवधान**)... डिमोलिशन ड्राइव पर चर्चा भी कराई जाए ...(**व्यवधान**)... चर्चा भी करना चाहते हों, तो ...(**व्यवधान**) ... यह मेरी आपसे प्रार्थना है ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** यह आज की कार्यावलि है ...(**व्यवधान**)...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE: Sir, fix up a separate date for discussion. ..(*Interruptions*)...

**श्री शरद यादव (बिहार):** सभापति जी, सुषमा जी ने जो सवाल उठाया है ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति :** आप अपनी सीट पर जाइए ...(**व्यवधान**)...

**श्री शरद यादव :** सभापति ...(**व्यवधान**)... एक मिनट, एक मिनट ... (**व्यवधान**) ... सुषमा जी ने जो सवाल उठाया है ... (**व्यवधान**) ... सभापति जी, सुषमा जी ने जो सवाल उठाया है, निश्चित तौर पर भारत की जो नगरीय सभ्यता है, जिस तरह से दिल्ली में आज यह सब हो रहा है, निश्चित तौर पर यहाँ के लोग रोजी-रोटी के लिए अपनी दुकानें चला रहे हैं। सरकार की ओर से इस पर बहस आएगी, अच्छी बात है ... (**व्यवधान**) ... सुनिए ... (**व्यवधान**) ...

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली): जब हमने उठाया था ...(व्यवधान)...

**श्री शरद यादव** : सभापति जी, मेरा निवेदन यह है कि यह सवाल जो इन्होंने उठाया है ...(व्यवधान)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: आप समाधान करिए ... (व्यवधान) ...

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल** : आप मध्य प्रदेश से आती हैं ... (व्यवधान) ...

**श्री शरद यादव**: सभापति जी, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि ... (व्यवधान) ... यह मामला जो ... (व्यवधान) ... सदन में उठा ... (व्यवधान) ... लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली की ... (व्यवधान) ...

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: मुद्दा हम उठाएंगे ... (व्यवधान) ...

**श्री बी.के. हरिप्रसाद**: यह * नहीं चलेगी ... (व्यवधान) ...

**श्री सभापति** : यह * शब्द नहीं चलेगा ... (व्यवधान) ...

**श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया**: ये किस शब्द का प्रयोग कर रहे हैं ... (व्यवधान) ...

**श्री सभापति** : आगे मत आइए ...(व्यवधान) ...

**SHRI PRASANTA CHATTERJEE**: Fix up a separate date for discussion. ...*(Interruptions)*...

**SHRI V. NARAYANASAMY**: It is listed for today ...*(Interruptions)*... The BJP is scared of the discussion ...*(Interruptions)*...

**श्री मनोहर गजानन जोशी** (महाराष्ट्र): विचार है, यदि हो जाएगा, तो मैं सोचता हूँ कि सदन का काम शुरू रह सकता है और अच्छे तरीके से ... (व्यवधान) ... हो सकता है ... (व्यवधान) ... निवेदन करें कि एक भी ... (व्यवधान) ... जब तक हम पूरा निर्णय नहीं करते, तब तक टूटेगा नहीं। ऐसा कुछ कहेंगे, तो मैं सोचता हूँ कि इस सदन का काम चल सकता है, नहीं तो यहाँ के इस तरफ के सभी सदस्यों की भावना इस विषय पर बहुत तीव्र है और मैं चाहता हूँ... (व्यवधान) ...

**श्रीमती सुषमा स्वराज**: 5 साल में एक भी जोर जुल्म नहीं हुआ ... (व्यवधान) ... 5 साल में दिल्ली की जनता पर कोई जोर-जुल्म नहीं हुआ, आपके राज में हो रहा है। आप यह मुद्दा उठा रहे हैं ... (व्यवधान) ...

बिल कल आ जाएगा, बिल कल आने वाला है।

**श्री सभापति**: बिल कल आ जाएगा ... (व्यवधान) ...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सभापति जी, तीन महीने से ये लोग टाल रहे हैं। ... (व्यवधान) ... दिल्ली के लोग प्रधान मंत्री से लेकर सांसदों तक का दरवाजा खटखटाकर थक गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑर्डिनेंस लाएंगे ... (व्यवधान) ... उन्होंने कहा बिल लाएंगे। यह आज की कार्य-सूची है, कहीं बिल नहीं है। यह आज का लिफाफा है, कहीं बिल नहीं है। कहां है बिल? हमें चर्चा नहीं बिल चाहिए। ... (व्यवधान) ...

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, in Lok Sabha...*(Interruptions)*...Sir, we have already...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति:** श्री नारायणसामी, आप मत बोलो ... (व्यवधान) ... आप को शायद पांडिचेरी जाना पड़े। ... (व्यवधान) ... आप सीट पर जाइए ... (व्यवधान) ... सीट पर जाइए

SHRI PRASANTA CHATTERJEE: We have already given a notice. ...*(Interruptions)*... Let there be a discussion. ...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति:** आप इन को पकड़कर ले जाइए, ले जाइए इनको। ... (व्यवधान) ... सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at twelve minutes past eleven of the clock.

The House re-assembled at twelve Noon.

MR. CHAIRMAN in the Chair.

---

## WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

### Visit of the Former Thai Foreign Minister to North Eastern States

*381. SHRI HARISH RAWAT:
SHRI VIJAY J. DARDA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the recent visit of the former Thai Foreign Minister to North-Eastern States accompanied by a group of academicians from South East Asia with a view to understand India's Look East Policy whereunder they had an interaction with the students of Guwahati University;